प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

12 फरवरी 2024

वित्त मंत्री ने भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल को संबोधित किया

भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक आज नई दिल्ली में गवर्नर श्री शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

श्रीमती निर्मला सीतारमण, माननीय केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री ने केंद्रीय निदेशक मंडल को संबोधित किया और उनसे बातचीत की। माननीय वित्त मंत्री ने अंतरिम केंद्रीय बजट 2024-25 में उल्लिखित प्रमुख ध्यानार्थ क्षेत्रों और वित्तीय क्षेत्र से अपेक्षाओं पर प्रकाश डाला। निदेशकों ने बजट पर वित्त मंत्री की सराहना की और अपने विचार साझा किये।

केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ श्री पंकज चौधरी, माननीय वित्त राज्य मंत्री; डॉ. भागवत किशनराव कराड, माननीय वित्त राज्य मंत्री; डॉ. टी.वी. सोमनाथन, वित्त सचिव एवं सचिव, व्यय विभाग; श्री तुहिन कांत पाण्डेय, सचिव, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग; और डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन, मुख्य आर्थिक सलाहकार भी थे।

बोर्ड ने भू-राजनीतिक गतिविधियों और वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति और संभावना की भी समीक्षा की।

उप गवर्नर डॉ. माइकल देवब्रत पात्र, श्री एम. राजेश्वर राव, श्री टी. रबी शंकर, श्री स्वामीनाथन जे. और केंद्रीय मंडल के अन्य निदेशक - श्री सतीश के. मराठे, श्री एस. गुरुमूर्ति, श्रीमती रेवती अय्यर, प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, श्री वेणु श्रीनिवासन, श्री पंकज रमणभाई पटेल और डॉ. रवींद्र एच. ढोलकिया - ने बैठक में भाग लिया। बैठक में डॉ. विवेक जोशी, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग भी शामिल हुए।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1864